जलपाईगुड़ी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान नदी का जलस्तर बढ़ा, आठ की मौत

संवाद सूत्र, जलपाईगुड़ीः बंगाल में जलपाईगुड़ी जिले के मालबाजार में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान माल नदी का जलस्तर बढ़ने से आठ लोगों की मौत हो गई। कई लोग घायल हैं और कई लापता। इस दुघर्टना में मरने वालों में अधिकांश महिला व बच्चे शामिल हैं।

जलपाईगुड़ी की डीएम मौमिता गोदरा बसु ने कहा, इस बार भी पूरी व्यवस्था और नियमों के साथ माल नदी के घाट पर दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन किया जाना था, लेकिन पहाड़ी नदी होने के कारण अचानक नदी का जलस्तर बढ़ गया। बहाव तेज होने के कारण हादसा हुआ।

बंगाल के जलपाईगुड़ी जिले में माल नदी का जलस्तर अचानक बढ़ने से तेज बहाव में फंसे लोगों को बचाने की कोशिश करते बचावकर्मी • प्रेट्र

nwda.gov.in